पंजीयन क्रमांक- MPHIN/2018/76962

साप्ताहिक
# नीमच हेडलाइन्स

भरोसा रखें..हम जब कहीं किसी का अच्छा कर रहे होते हैं, तब हमारे लिए भी कहीं कुछ अच्छा हो रहा होता है

अंचल का तेज़ी से बढ़ता न्यूज़ नेटवर्क...
NEEMUCH HEADLINES
ख़बर वही, जो हम दिखाते है..

संस्थापक- स्व.इंद्रदेव जी जाजपुरा | प्रधान सम्पादक - अविनाश जाजपुरा | साप्ताहिक समाचार पत्र,एप, वेब पोर्टल और न्यूज़ चैनल

वर्ष - 08 | अंक- 05 | नीमच, बुधवार 23 से 29 जुलाई 2025 तक | कुल पृष्ठ - 08 | मूल्य - 5₹

## आवासीय भूखंडों को लेकर पुलिस महकमे मैं चली होडाहोड़

# बरसों पहले से काबिज अधिकारियों कर्मचारियों से पहले नए आए लोगों को मिला मौका

### पुलिस कर्मचारियों में अच्छा खासा आक्रोश

**नीमच।** नीमच में पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों के लिए आवासीय भूखंड और उसके बाद उनके रहने की व्यवस्थाओं के लिए बने आवासीय भवनों को लेकर कर्मचारीयो में अच्छी खासी नाराजगी देखने को मिल रही है। आपको बता दे की कई पुलिसकर्मी जो वर्षों से नीमच में पुलिस सेवाएं दे रहे हैं उन्हें किसी भी प्रकार से आवास की व्यवस्था नहीं मिल पाई है। पर इसके विपरीत जो अधिकारी कर्मचारी अभी कुछ समय पहले ही नीमच में आए हैं उन लोगों को आवास की व्यवस्था नई पुलिस आवास कॉलोनी में दी जा रही है। यह पीड़ा वर्षों से पदस्थ पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में साफ तौर पर देखने को मिली। इससे बड़े आश्चर्य की बात यह है कि कुछ थाना प्रभारी ऐसे हैं जिन्हें थानों के अंदर भी आवासीय मकान दिया गया है उसके बावजूद उन लोगों ने नई आवासीय मकान पर भी कब्जा कर रखा है। जिसमें रामपुरा थाना प्रभारी राधेश्याम दांगी सिंगोली थाना प्रभारी बी एल भाभर जैसे कुछ नाम प्रमुख है। अब सोचने वाली बात यह है कि अगर एक अधिकारी या कर्मचारी दो -दो जगह



अपनी आवास की व्यवस्था रखेगा तो बेचारे जो वर्षों से आवास की आस लगाकर बैठे हैं उन लोगों का क्या होगा? इस मामले को लेकर काफी शिकायतें भी सामने आई है। सूत्र बताते हैं कि इस मामले में कुछ पुलिसकर्मियों ने प्रदेश के मुखिया तक अपनी बात पहुंचाकर अपनी पीड़ा रखी है। इसमें से कुछ पुलिसकर्मी ऐसे भी हैं जो नीमच की जगह जिले के दूरस्थ थानों पर पदस्थ है। जिनकी रहवासी व्यवस्था पहले ही शासन के नियमानुसार की हुई है। फिर भी ऐसे पुलिसकर्मियों को नीमच की आवासीय पुलिस लाइन में राजनीतिक दबाव के चलते आवंटन किया गया है। सबसे बड़ी बात इनमें से कनावटी, ग्वालटोली और नई पुलिस लाइन में कुछ आवास ऐसे भी हैं जहां पर केवल संबंधित अधिकारी कर्मचारियों के सामान रखे हुए हैं और ताला लगा हुआ है। इस पूरे क्रिया कलाप में अनुचित लाभांश से भी इनकार नहीं किया जा सकता। आपको बता दें कि पुलिस के अधिकारी और कर्मचारियों का आवास को लेकर दर्द नीमच हेडलाइंस के सामने छलका परंतु हम उनके नाम सार्वजनिक नही करना चाहते। आवास आवंटन की इस अनुचित प्रक्रिया का एक पीड़ादायक दृश्य सोमवार के दिन पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दोपहर में देखने को मिला जहां अपनी बात लेकर कई पीड़ित पुलिस कप्तान के पास पहुंचे। जल्द ही वरिष्ठ अधिकारियों को मामले से अवगत करा कर संबंधितों के खिलाफ शिकायत की जाएगी।

#### इनका कहना :-

*हमारे द्वारा मकान आवंटन में नियमानुसार कार्यवाही की गई है। कुछ थाना प्रभारीयो के मकान नई पुलिस लाइन में है उनको भी मकान खाली करने के निर्देश दिए जाएंगे।*
*- **विक्रम सिंह भदौरिया**, आरआई नीमच।*

## न्यूज़ गैलेरी

### सोसायटी में निवेश सुरक्षित नही..?

क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटियो में अपने जोखिम पर ही राशि जमा करवाएं - डाबर

**नीमच।** नीमच सहायक आयुक्त सहकारिता राजू डाबर ने बताया कि पंजीयक सहाकरी संस्थाएं म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 के अंतर्गत पंजीकृत शहरी साख सहकारी संस्थाओं (क्रेडिट, को-आपरेटिव सोसायटी) के सदस्य, जमाकर्ताओं को परामर्श दिया जाता है, कि वह स्वयं अपनी रिस्क पर ऐसी साख सहकारी संस्थाओं में राशियां जमा करावें। जमा कराने से पूर्व भलीभांति जानकारिया बीबी प्राप्त करे। भविष्य में यदि ऐसी शहरी साख संस्थाओं द्वारा जमाकर्ताओं की राशि का भुगतान नहीं किया जाता है, तो इस हेतु पंजीयक, संयुक्त पंजीयक, उप, सहायक पंजीयक सहकारिता जिम्मेदार नहीं होंगे। सदस्यगण, जमाकर्ता अपने जोखिम पर ऐसी संस्थाओं में राशि जमा करें। सहकारिता विभाग इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगी।

## पुलिस अधीक्षक जायसवाल द्वारा पुलिस कन्ट्रोल रूम स्थित सभागृह में किया जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन

### शिविर में सीएम हेल्पलाइन की 51 शिकायतों के संतुष्टि पूर्वक निराकरण सहित जन सुनवाई में 15 आवेदकों की शिकायतों के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश

**नीमच।** दिनांक 22.07.2025 को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर के साथ साथ सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का भी आयोजन किया गया। जन सुनवाई, शिकायत निवारण शिविर एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर के दौरान आवेदकों द्वारा अपनी समस्याओं और शिकायतों को वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाकर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। जिला स्तरीय जन सुनवाई शिविर के



दौरान आये 15 फरियादियों को पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल द्वारा सुना जाकर संबंधित थाना प्रभारियों को शिकायत निराकरण हेतु निर्देश दिये गयें। उक्त शिविर के दौरान सीएम हेल्पलाइन की लेवल - 1, लेवल -2, लेवल - 3 की 51 शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जाकर शिकायतें बंद करवाई गयी। पुलिस अधीक्षक जायसवाल द्वारा राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गयें कि सभी आवेदनों का समय पर एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न प्रकार की समस्याओं जैसे भूमि विवाद, पुलिस कार्रवाई से संबंधित मुद्दों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं आदि से जुड़े प्रकरणों पर विशेष ध्यान दिया जावें। जिला स्तरीय सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसौदिया, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनासा श्रीमति शाबेरा अंसारी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद श्री रोहित राठौर, उप पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा शाखा) सुश्री निकीता सिंह सहित जिलें के समस्त थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी एवं संबंधित शाखाओं के प्रभारी सहित फरियादी/आवेदक उपस्थित रहें।

## प्रदेश में इस वर्ष स्कूल के बच्चों को 4.30 लाख साइकिल की जाएंगी वितरित




**नीमच।** स्कूल शिक्षा विभाग इस वर्ष निःशुल्क साइकिल प्रदाय योजना में 4 लाख 30 हजार बच्चों को निःशुल्क साइकिल का वितरण करेगा। साइकिल वितरण की शुरूआत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरू पूर्णिमा महोत्सव में भोपाल के शासकीय कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय के सर्व सुविधा युक्त भवन के लोकार्पण समारोह से की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 50 बच्चों को निःशुल्क साइकिलें वितरित की। प्रदेश में अब तक एक लाख से अधिक बच्चों को उनकी पात्रतानुसार निःशुल्क साइकिल का वितरण किया जा चुका है। निःशुल्क साइकिल प्रदाय योजना में ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत विद्यार्थी जो कि शासकीय विद्यालयों में कक्षा 6 और 9 में अध्ययनरत हैं, वह जिस ग्राम का निवासी है उस ग्राम में शासकीय माध्यमिक या हाई स्कूल संचालित नहीं है और उसे अपने विद्यालय तक पहुचंने के लिये 2 किलोमीटर या इससे अधिक की दूरी तय करनी पड़ती है, उन बच्चों कक्षा 6 या 9 में प्रथम प्रवेश पर एक बार निःशुल्क साइकिल दिये जाने का प्रावधान है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में स्थित कन्या छात्रावास में पढ़ने वाली छात्राएं, जिनकी शाला छात्रावास से 2 किलोमीटर या उससे अधिक दूरी पर है उन्हें भी इस योजना में निःशुल्क साइकिल प्रदाय की जा रही है। विभागीय अधिकारियों को निर्देश स्कूल शिक्षा विभाग ने इस वर्ष विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पहले सभी पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण के निर्देश दिये हैं। संचालनालय स्तर पर निःशुल्क साइकिल वितरण की नियमित समीक्षा की जा रही है। कक्षा 6 में पढ़ने वाले बच्चों को 18 इंच और कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाले बच्चों को 20 इंच की साइकिल वितरित की जा रही है। विभागीय अधिकारियों को साइकिल वितरण के पहले उनके उचित भंडारण के संबंध में भी निर्देश दिये गये हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस वर्ष विभागीय योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों को उचित समय पर दिये जाने के संबंध में कार्ययोजना तैयार की है।

## मंदसौर से नीमच तक शिवभक्ति की कावड़ यात्रा ,श्रद्धालुओं ने कांवड़ लेकर किया जलाभिषेक

**नीमचः** सावन के पावन अवसर पर सोमवार को 15वीं कांवड़ यात्रा का भव्य समापन मंशापूर्ण बालाजी मंदिर, नीमच में हुआ। मंदसौर से रवाना हुई इस यात्रा में 100 से अधिक शिव भक्तों ने भाग लिया और विधिवत रूप से भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

### पशुपतिनाथ मंदिर से शुरू हुई पदयात्रा

यात्रा की शुरुआत रविवार सुबह मंदसौर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर से हुई, जहां शिवभक्तों ने पूजा-अर्चना के बाद शिवना नदी से पवित्र जल भरा। इसके बाद भक्तगण कांवड़ लेकर पैदल नीमच की ओर चल पड़े। विवार रात को यात्रियों ने हिंगोरिया बालाजी मंदिर में विश्राम किया। अगली सुबह भक्तों ने पुनः यात्रा आरंभ की और भक्ति-उत्साह के साथ नीमच की ओर प्रस्थान किया।



## मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने मेधावी छात्रों को इलेक्ट्रिक स्कूटी और पूरी मेडिकल शिक्षा का खर्च देने का वादा किया




**नीमच** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भोपाल में 'गुरु पूर्णिमा महोत्सव' के दौरान शिक्षा के लिए व्यापक सहायता पैकेज की घोषणा की, जिसका उद्देश्य मध्य प्रदेश के छात्रों के लिए पहुँच, समानता और डिजिटल सशक्तिकरण में सुधार लाना है।195 करोड़ रुपये की इस पहल का मुख्य उद्देश्य 4.30 लाख से ज़्यादा छात्रों को मुफ़्त साइकिलें वितरित करना था, जो स्कूल जाने के लिए दो किलोमीटर से ज़्यादा की यात्रा करते हैं। इस शुभारंभ का प्रतीक मुख्यमंत्री द्वारा भोपाल के कमला नेहरू संदीपनी गर्ल्स स्कूल में छात्रों को 50 साइकिलें सौंपना था, जो मध्य प्रदेश मुफ़्त साइकिल योजना के राज्यव्यापी शुभारंभ का प्रतीक था। सरकारी स्कूलों के कक्षा 12 के मेधावी छात्रों को अब इलेक्ट्रिक स्कूटी मिलेंगी, इस कार्यक्रम के तहत पिछले साल लगभग 8,000 छात्रों को लाभ पहुँचाया गया था। मुख्यमंत्री ने घोषणा की, "अगले महीने स्कूल टॉपर्स को भी इलेक्ट्रिक स्कूटी मिलेंगी। 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वालों को हाल ही में लैपटॉप दिए जा चुके हैं।"

### प्रधान जिला न्यायाधीश श्री राजपूत द्वारा नीमच में नव स्थापित फ्रंट ऑफिस का शुभारंभ

## न्याय तक समावेशी पहुँच की दिशा में एक सशक्त पहल

**नीमच** नवीन जिला न्यायालय परिसर, नीमच में विधिक सहायता की पहुँच को ओर अधिक सुलभ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मंगलवार को नवीन जिला न्यायालय भवन के प्रांगण में स्थापित फ्रंट ऑफिस का विधिवत शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथाजिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सिंह राजपूत द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर, किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्री राजपूत ने कहा, कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर समाज के कमजोर, वंचित एवं हाशिये पर खड़े वर्गों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जाती हैं, जिनका उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को उसके संवैधानिक अधिकारों के तहत न्याय तक समान और सुलभ पहुँच उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यह देखा गया है कि कई पक्षकार, जानकारी के अभाव में विधिक सहायता से वंचित रह जाते हैं। इसी आवश्यकता की पूर्ति हेतु नवीन जिला न्यायालय भवन में फ्रंट ऑफिस की स्थापना की गई है, जहाँ आने वाले पक्षकारों को उनके प्रकरण से संबंधित जानकारी, मध्यस्थता (मेडिएशन), लोक अदालतों की प्रक्रिया, निशुल्क विधिक सहायता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पीड़ित प्रतिकर योजना, एवं अन्य योजनाओं के विषय में सरल भाषा में मार्गदर्शन दिया जाएगा। फ्रंट ऑफिस में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ताओं एवं पैरा लीगल वॉलंटियर्स (PLVs)की ड्यूटी लगाई जाएगी, जो आगंतुक पक्षकारों को विधिक सहायता की उपलब्धता, प्रक्रिया तथा प्रारंभिक सलाह प्रदान करेंगे। यह व्यवस्था नालसा के "Access to Justice for All" के दृष्टिकोण को मूर्त रूप देने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण प्रयास है।कार्यक्रम में नीमच जिला न्यायालय में पदस्थ समस्त न्यायिक अधिकारियों की उपस्थिति रही। कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डॉ. कुलदीप जैन, विशेष न्यायाधीश श्री आलोक कुमार सक्सेना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती शोभना मीणा, लोक अभियोजक श्री चंचल बाहेती, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, अधिवक्तागण, पैरालीगल वॉलंटियर्स, एवं सामाजिक कार्यकर्तागण विशेष रूप से उपस्थित थे। यह जानकारी जिला विधिक सहायता अधिकारी नीमच श्री प्रवीण कुमार ने दी है।



## दिव्यांग अधिकार अधिनियम एवं दिव्यांग जागरूकता प्रशिक्षण में 165 दिव्यांग उनके अभिभावकों, महाविद्यालय के छात्र /छात्राओं शिक्षकों ने लिया भाग



**नीमच**। दिनांक 23 जुलाई 2025 को जिला कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के आदेशानुसार एवं डिप्टी कलेक्टर एवं उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नीमच के मार्गदर्शन में एवं समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केंद्र (सी. आर. सी.) - भोपाल द्वारा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र नीमच (डी. डी. आर. सी.),नीमच के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं, दिव्यांगजनों के अभिभावकों, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन दिनांक 23 जुलाई 2025 को किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या महाविद्यालय तथा डाइट, नीमच में किया गया। कार्यक्रम में डॉ. पूनम सिंह, व्याख्याता चिकित्सा मनोविज्ञान ने व्यवहार संशोधन, सुश्री शिवानी तिवारी, व्याख्याता वाक श्रवण ने विभिन्न वाक एवं भाषा विकारों तथा श्री सैयद मोहम्मद कुतुबुद्दीन नियाजी, पुनर्वास अधिकारी ने दिव्यांगजनों हेतु संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन, उनके अभिभावक, शिक्षक, विद्यार्थी, तथा जिला शिक्षा केंद्र से प्रभारी एपीसी आईईडी नरेंद्र कुमार यदुवंशी, एमआरसी कमलेश अहिर एवं डी. डी. आर. सी., नीमच से प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती अभिलाषा वर्मा, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट भूरालाल अहिर, लेखपाल उमेश चौहान, चौकीदार सत्यराम रावत आदि स्टाफ सदस्य का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम में लगभग 165 लोगों ने भाग लिया।

## एपीसी जेंडर श्रीमती विजय श्री जैन ने किया पीएम श्री माद्यमिक विद्यालय कस्मारिया का औचक निरिक्षण

### कक्षा में जाकर शैक्षणिक गतिविधि का किया अवलोकन, छात्र-छात्राओं की ली क्लास एवं उनसे किया सीधा संवाद

ब्यूरो रिपोर्ट- निर्मल मूँदड़ा रतनगढ़।

नीमच जिले के जावद क्षेत्र के पीएमश्री माध्यमिक विद्यालय कस्मारिया में मंगलवार को एपीसी जेंडर एकेडमिक प्रोग्राम कोआर्डिनेटर श्रीमती विजय श्रीजैन जिला शिक्षा केन्द्र नीमच द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण निरीक्षण के दौरान एपीसी श्रीमती जैन ने कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 8 वी तक की सभी कक्षाओ में जाकर छात्र-छात्राओं से चर्चा कर सीधा संवाद किया।इस दौरान छात्र-छात्राओं से कक्षा 1 से 4 तक में एफ एल इन संबधी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने कक्षा में कक्षाध्यापक से लेकर सभी छात्र- छात्राओं से भी सीधा संवाद किया। अधिकांश प्रश्नों के सभी छात्र-छात्राओं के द्वारा बहुत ही अच्छे तरिके से जवाब दिए गए। इस अवसर पर एपीसी मेडम श्रीमती जैन के द्वारा कक्षा 5 वी में छात्र-छात्राओं को अंग्रेजी से सम्बंधित प्रश्न पूछे गए।और क्लास लेकर स्वयं के द्वारा पढ़ाया भी गया।वहीं दूसरी तरफ कक्षा 6 से 8 तक प्रत्येक कक्षा में जाकर विद्यार्थियों से विषय से सम्बंधित प्रश्न पूछे गए। इस दौरान छात्र- छात्राओं के द्वारा दिए गए जवाबो को सुनकर एवं उनकी शेक्षणिक दक्षता को देखकर मेडम श्रीमति जैन के द्वारा काफी प्रसन्नता व्यक्त की गई। निरीक्षण के दौरान कक्षा नर्सरी के बच्चों के साथ स्वयं मेडम ने गतिविधि करी जिससे बच्चे काफी प्रसन्न नजर आए।निरीक्षण के पश्चात एपीसी मैडम के द्वारा बताया गया कि मुझे यहां का प्रबंधन बहुत अच्छा लगा। निरीक्षण के दौरान पीएमश्री माध्यमिक विद्यालय कस्मारिया के प्रधाना ध्यापक देवराज मेघवाल, शिक्षक गण श्रीमती अनिता शर्मा, श्रीमती दीपिका बाहेती, सुभाष सुतार, मुकेश कुमार शर्मा, बालमुकुंद मेघवाल, सुरेश तावड़,सुश्री यशोदा सैनी, मोहम्मद हुसैन सहित वरिष्ठ पत्रकार एसपी व्यास उपस्थित थे।

## "सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ" अभियान के अंतर्गत स्वच्छता गतिविधियाँ संचालित की गईं

**नीमच**। सरवानिया नगर परिषद द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के सभी जिलों में जिला कलेक्टर एवं स्वच्छता को लेकर एवं स्वच्छता के बारे में सजग करने के लिए नगर परिषद द्वारा स्वच्छता में जागरूकता लाने के लिए आम जनता तक संदेश पहुंचने के लिए नगर में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान प्रारंभ किया गया है जिसके तहत स्कूली छात्र- छात्राओं को स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई वह आमजन को भी स्वच्छता के बारे में समझाइए दी गई।

नगर सरवानिया महाराज नगर परिषद अध्यक्ष रूपेंद्र सिंह जैन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अब्दुल रऊफ खान के नेतृत्व मैं नगर में स्थित विद्यालयों में बच्चों को हाथ धोने की सही विधि सिखाई गई, जिससे वे अनेक प्रकार की बीमारियों से सुरक्षित रह सकें, साथ ही नगर में सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों एवं नगर में स्थित नाले नालियों की विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई की गई और मुख्य नगर पालिका अधिकारी अब्दुल रऊफ खान द्वारा नगर की सफाई व्यवस्थाओ को जांचा गया और मौके पर दरोगा को आवश्यक स्वच्छता रखने के निर्देश दिए गए।





## कलेक्टर ने की जनसुनवाई-111 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**नीमच**। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसनुवाई करते हुए 111 आवेदकों की सुनी समस्याएं और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, अपर कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड, एसडीएम नीमच श्री संजीव साहू, संयुक्त कलेक्टर डॉ.ममता खेडे, श्री राजेश शाह सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में नीमच के मूलचंद खिची, जावद के भंवरलाल, ग्वालटोली नीमच की सुरेखादेवी, धनेरिया के बंशीलाल प्रजापत, गुंजालिया के श्यामलाल, गुलाबखेड़ा के श्रृवण सिह, दामोदरपुरा के मोतीलाल, जीरन की संगीता कुंवर, रतनगढ़ के गुलाम हुसैन, बर्डिया जागीर के ओमप्रकाश, कदवासा के कैलाशचंद्र, अठाना के प्रेमचंद, रामपुरा के देवीलाल, नयागांव के हीरानाथ, जामरिया के गुलाबचंद, डूंगलावदा की गुड्डीबाईने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन कलेक्टर को प्रस्तुत किए। इसी तरह बघाना के श्यामलाल, नीमच सिटी के पप्पु यादव, चंद्रपुरा की मदनकुंवर, नगरपालिका नीमच के मनोज मीणा, मोटीयार्डा की नंदुबाई, बघाना के राजेश, रामपुरा की प्रभाबाई, खजुरिया के रामचंद्र, बोरखेड़ी के रामलाल, बालागंज के अमरचंद, रतनगढ़ के मोईज हुसैन, खातीखेड़ा की सुखलाल, आलोरी गरवाड़ा के किशनलाल, बरूखेड़ा की मंगलाबाई, देंथल के शिविराम, पिपल्यारावजी की बगदीबाई, ग्वालटोली के अशोक दीवान, डिकेन की मणीबाई, धनेरिया कलां की कविता, रावणरूंडी के राजु, श्रीपुरा के ईश्वरलाल, बरूखेड़ा की ज्योति चौहान, नीमच की आशादेवी गोयल, सरवानिया महाराज की रामकन्याबाई ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए। जिस पर कलेक्टर श्री चंद्रा ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।



### बाछड़ा समुदाय की अधिकाधिक बालिकाओं को पुलिस सेना एवं पैरामिलीट्री फोर्स की चयन परीक्षा एवं फिजीकल तैयारी का निःशुल्क प्रशिक्षण दिलवाए-चंद्रा

## पंचायत सचिव पांच-पांच हितग्राहियों को एक माह में लाभांवित करवाएं-कलेक्टर




**नीमच।** बाछड़ा बाहुल्य ग्रामों के पंचायत सचिव अपने क्षेत्र की अधिकाधिक बालिकाओं को सशक्त वाहिनी योजना के तहत नीमच में संचालित पुलिस, सेना, पैरामिलीट्री फोर्स की परीक्षाओं की तैयारी एवं फिजिकल की तैयारी के लिए प्रेरित कर, प्रशिक्षण दिलवाए। साथ ही स्वरोजगार योजनाओं में पात्र पांच-पांच हितग्राहियों का चयन कर एक माह में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओंमें हितलाभ दिलवाना सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में बाछड़ा समुदाय के कल्याण के लिए संचालित पंख अभियान नीमच की प्रगति की मासिक समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में बाछड़ा बाहुल्य सभी ग्रामों के पंचायत सचिव, सभी जिला नोडल अधिकारी, जिला अधिकारी सहित जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, संयुक्त कलेक्टर डॉ.ममता खेड़े, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मयूरी जोक, सुश्री किरण आंजना भी उपस्थित थी।बैठक में कलेक्टर ने संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत बाछड़ा समुदाय के अधिकाधिक हितग्राहियों को सेंट्रींग कार्य , पशुपालन, बकरीपालन, सिलाई, ब्यूटी पार्लर, मसाला उद्योग आदि के लिए हितग्राहियों का चयन कर न्यूनतम पांच-पांच हितग्राहियों के प्रकरण तैयार करवाकर एक माह में ऋण स्वीकृति एवं हितलाभ वितरण करवाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत एक माह में चार हितग्राहियों को ऋण एवं अनुदान स्वीकृत करवाकर हितलाभ् वितरित करवाने के निर्देश उप संचालक उद्यानिकी को दिए। उनहोने महाप्रबंधक उद्योग को बाछड़ा समुदाय के इच्छुक युवाओं को जिले में स्थापित विभिन्न उद्योगो में रोजगार दिलाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री चंद्रा ने इन सभी 26 गांवों के पंचायत सचिवों को बाछड़ा बाहुल्य बस्तियों में सड़क, नाली निर्माण सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए।बैठक में बतायागया, कि जिला प्रशासन द्वारा सशक्त वाहिनी योजना के तहत नीमच के जाजू कॉलेज में पुलिस, सेना, पैरामिलीट्री फोर्स की लिखित चयन परीक्षा एवं फिजीकल की तैयारी के लिए निःशुल्क कक्षाएं संचालित की जा रही है। कलेक्टर ने पंचायत सचिवों को निर्देश दिए, कि वे अपने क्षेत्र की बाछड़ा समुदाय की बालिकाओं को इस निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए प्रेरित करे, उन्हें प्रशिक्षण दिलवाएं।

## कलेक्टर एवं सीईओ ने जनसुनवाई के दौरान अलग अलग 86 मामलों में सुनवाई की

**मंदसौर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन द्वारा सुशासन भवन सभाकक्ष में 86 आवेदकों की समस्याएं सुनी। अधिकारियों को जल्दी निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मंदसौर जिले के बानीखेड़ी निवासी आवेदक भेरूलाल ने जमीन पर कब्जा रोकने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार दलोदा को निर्देश दिए कि जांच कर उचित कार्यवाही करें। मंदसौर जिले के चंदवासा निवासी आवेदक मदनलाल ने खेत की जमीन पर लगी खाई हटाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर एसडीएम गरोठ को निर्देश दिए कि जांच कर कार्यवाही करें। मंदसौर जिले के बरदल निवासी आवेदक रामकन्याबाई ने रास्ता खुलवाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार मल्हारगढ़ को निर्देश दिए कि जांच कर तुरंत रास्ता खुलवाए। इसके साथ ही जनसुनवाई के दौरान कृषि भूमी का पट्टा बनाने, सार्वजनिक जमीन पर अतिक्रमण हटाने, पीएफ की राशि दिलवाने, पीएम आवास योजना का लाभ प्राप्त करने, बी पी एल राशन कार्ड बनवाने, आर्थिक सहायता दिलवाने, रास्ते के विवाद का निराकरण कराने व पिछड़ा वर्ग के निर्धन छात्रों को छात्रावास में रहने की व्यवस्था कराने इत्यादि तरह-तरह के आवेदन आये।

# पीके का फंडा' की पहली प्रति राज्यपाल को भेंट

## प्रवीण कक्कड़ ने माँ की स्मृति को किया समर्पित


**भोपाल।** प्रख्यात सामाजिक चिंतक, लेखक और पूर्व पुलिस अधिकारी प्रवीण कक्कड़ ने अपनी नई चिंतनपरक कृति "पीके का फंडा" की प्रथम प्रति आज मध्य प्रदेश के राज्यपाल, माननीय श्री मंगूभाई पटेल को राजभवन में सादर भेंट की। यह अवसर केवल एक पुस्तक भेंट नहीं, बल्कि प्रेरणा, श्रद्धा और सार्थक विचारों के संगम का साक्षी बना। श्री कक्कड़ ने इस दिन को अपने जीवन का एक अत्यंत भावपूर्ण क्षण बताया, क्योंकि 16 जुलाई उनकी पूज्यनीय माता, स्व. श्रीमती विद्यादेवी कक्कड़ जी की जयंती भी है। उन्होंने भावुकता से कहा, "यह पुस्तक मैंने माँ की पावन स्मृति को समर्पित की है। जीवन में जो कुछ भी मैंने पाया, उसमें उनकी प्रेरणा, संस्कारों और मूल्यों की गहरी छाया है।" यह समर्पण पुस्तक के मूल भाव- आत्मिक जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन- से गहरे जुड़ाव को दर्शाता है। शिवना प्रकाशन द्वारा प्रकाशित किया गया है। यह कृति प्रवीण कक्कड़ के प्रशासनिक, सामाजिक और निजी अनुभवों का ऐसा समावेश है, जो पाठकों को न केवल प्रेरित करती है, बल्कि उन्हें आत्ममंथन की दिशा में ले जाती है-यह स्पष्ट करते हुए कि वास्तविक परिवर्तन की शुरुआत भीतर से होती है, न कि बाहरी परिवेश से। माननीय राज्यपाल महोदय को पुस्तक भेंट करने के इस विशेष अवसर पर प्रवीण कक्कड़ के सुपुत्र सलिल कक्कड़, तथा "पीके का फंडा" टीम से सुमित अवस्थी और प्रकृति चटर्जी भी उपस्थित रहे।

### आत्ममंथन का निमंत्रण :-

शिवना प्रकाशन प्रमुख पंकज सुबीर ने एक प्रेरक और चिंतनपरक कृति बताया। उन्होंने कहा, "यह केवल एक किताब नहीं, बल्कि जीवन की आपाधापी में कुछ पल ठहरकर, भीतर झाँकने और स्वयं से संवाद करने का हार्दिक निमंत्रण है।"

### बेस्टसेलरः पाठकों का अपार स्नेह :-

शिवना प्रकाशन के संपादक शहरयार ख़ान ने बताया कि "पीके का फंडा" ने अपनी रिलीज से पहले ही पाठकों के बीच असाधारण लोकप्रियता प्राप्त की है। अमेजन की प्री-बुकिंग बेस्टसेलर रैंकिंग में यह पुस्तक पहले स्थान पर रही, और अब तक 1000 से अधिक प्रतियाँ ऑनलाइन प्री-बुक हो चुकी हैं। यह उपलब्धि लेखक की विचारशील लेखनी और पाठकों के अटूट विश्वास का प्रमाण है। गौरतलब है कि इससे पहले प्रवीण कक्कड़ की पहली पुस्तक "दंड से न्याय तक" को अंतरराष्ट्रीय "शिवनाकृति सम्मान" प्राप्त हो चुका है



# मृत्यु के बाद भी नहीं है सुकून, कमर से ऊपर तक पानी में से होकर गुजरना पड़ता है शवयात्रा को

## मामला ग्राम पंचायत बधावा के बीरमपुर ग्राम के बदहाल शमशान मार्ग का

**ब्यूरो रिपोर्ट -निर्मल मूंदड़ा।**

कहते हैं कि इंसान की मृत्यु के पश्चात उसे चैन की नींद सुकून मिल जाता है। लेकिन अगर किसी गांव में मृत्यु के बाद भी लोगों को अपने सगे संबंधियों की मृत्यु के उपरांत परिजनो और ग्रामीणों को अंतिम मुखाग्नि देने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़े तो इससे बड़ी दुखद घटना और क्या हो सकती है।आजादी के 75 वर्षों के बाद भी नीमच जिले के जावद क्षेत्र के बढ़ावा पंचायत के ग्राम बीरमपुर के हालात देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं। कि आज भी गांव के लोग नारकिय जीवन जीने पर विवश है। ग्राम पंचायत बधावा के बंजारा बाहुल्य ग्राम बीरमपुरा जहां की आबादी लगभग 125 के करीब है।एवं सभी बंजारा जाति के लोग निवास करते हैं।यहां पर किसी की भी मृत्यु के पश्चात मृतक के शव को शमशान घाट में ले जाने वाले रास्ते की हालत बद से बदतर होकर नेताओं एवं शासन प्रशासन के बड़े-बड़े विकास कार्यों की पोल खोल रहे है। ग्रामीणों को शवयात्रा को शमशान स्थल तक ले जाने के दौरान कीचड़ भरे रास्ते से होते हुए कमर से भी ऊपर तक भर पानी की नदी में से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार समय-समय पर हमने क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों, विधायक, जनपद पंचायत अध्यक्ष, ग्राम पंचायत सरपंच, जिला पंचायत सीईओ, जनपद पंचायत सीईओ, सहित प्रशासनिक अधिकारियों को उक्त समस्या से अवगत कराकर पुलिया निर्माण की मांग की जाती रही है। लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला। हमारी समस्या के समाधान के प्रति किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। रविवार को जावद क्षेत्र की सबसे बड़ी पंचायत बधावा पंचायत के बीरमपुरा के बंजारा समाज के रंजीत बंजारा की मृत्यु के पश्चात शव यात्रा को शमशान स्थल तक ले जाने एवं मृतक की चिता को मुखाग्नि देने के लिए रास्ता नहीं होने से किस प्रकार से परेशानियों का सामना करते हुए गुजरना पड़ा आप वीडियो में देख सकते हैं।





**इनका कहना :-**

*इस संबंध में ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के पश्चात वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में मामले से अवगत करा दिया गया है। शीघ्र ही ग्रामीणों से चर्चा कर गांव में ही शासकीय जमीन पर उक्त गांव वालों के लिए मुक्तिधाम की जगह की व्यवस्था करवा दी जाएगी।* ***उमेश व्यास*** *सचिव ग्राम पंचायत बधावा।*

# ग्रामीण महिलाओं ने नीमच में खोला "दीदी कैफे" - अपना और अपने परिवार का कर रही भरण पोषण

## एम.आर.एल.एम.के सहयोग से मिला समूह को 20 लाख का ऋण

**नीमच।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी स्व-सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आत्म-निर्भर एवं स्वावलंबी बनाने की दिशा में विशेष प्रयास कर रही हैं। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित "दीदी कैफे" ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ाने का साधन बन रहे हैं। स्व-सहायता समूह के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। साथ ही उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा मानसम्मान भी बढ़ रहा है।



प्रदेश के साथ ही नीमच जिले में भी दीदी कैफे ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं द्वारा संचालित किया जा रहा है। दीदी के हाथों से बने नाश्ते और चाय, कॉफी का स्वाद, उनके स्वावलंबन, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का अनुभव कराता है। अपने प्रयासों से, ये दीदीयाँ अपनी उद्यमशीलता की भावना और सामुदायिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित कर रही है। नीमच संयुक्त जिला कलेक्टर कार्यालय भवन परिसर में ग्राम कनावटी के जय बालाजी आजीविका स्व सहायता समूह की कुछ सदस्य महिलाओं द्वारा ''दीदी कैफे'' संचालित किया जा रहा है। यहां कलेक्टर कार्यालय आने वाले लोगों को अनुकूल वातावरण में चाय नाश्ता बड़े ही आत्मीय भाव से मिल रहा है। दीदी के हाथों से बनी चाय और नाश्ता ग्राहकों को एक अलग ही तृप्ति का अहसास कराता है। एक ओर दीदियां जहां दीदी कैफे संचालित कर महिला सशक्तिकरण का उदाहरण प्रस्तुत कर, आत्मनिर्भर बन रही है,वहीं दूसरी और महीने के 15-20 हजार रुपए कमा कर, अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनाने में भी अपना योगदान दे रही है। इस समूह की कुछ महिलाएं यह दीदी कैफे संचालित कर रही है वहीं शेष सदस्य महिलाएं सिलाई, पशुपालन जैसे काम कर स्वावलंबी बन परिवार में अपना योगदान दे रही है। दीदी कैफे की संचालिका एवं जय बालाजी आजीविका स्व सहायता समूह की अध्यक्ष मधु खोईवाल ने बताया कि वह समूह में जुड़ने से पहले में हाउसवाइफ (गृहिणी) थी, समूह में गांव की 15 महिलाएं जुड़ी हुई है। समूह की दीदियों ने पहले 100-100 रुपये की बचत की फिर समूह की गतिविधियों को देख एन.आर.एल.एम.की तरफ से समूह को 20 लाख का ऋण प्रदान किया। समूह को कलेक्टर कार्यालय में दीदी कैफे संचालित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिससे प्रेरित होकर एन.आर.एल.एम.के सहयोग से हमने यह दीदी कैफे संचालित किया। इसमें हम 5-6 दीदियां मिलकर काम करती है। बाकी दीदियां कोई पशुपालन तो कोई सिलाई कार्य कर रही है। जिससे सबके परिवार का भरण पोषण अच्छे से चल रहा है। एसबीआई बैंक की कनावटी शाखा से हमारे समूह को लोन हुआ है इसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी को धन्यवाद देना चाहती हूं।दीदी कैफे पर आने वाले नीमच निवासी ग्राहक श्री महावर ने बताया, कि हम यहाँ कलेक्टर कार्यालय अक्सर आते है, यहां पर दीदी कैफे में चाय नाश्ता करने के लिए आ जाते है। यहां का वातावरण काफी अच्छा है, साफ सफाई एवं स्वच्छता है। यहां पर दीदियां चाय कॉफ़ी बनाती है। यहां एक अच्छा माहौल है।

# मेवाड़ क्षत्रिय महासभा उपशाखा बेगु की बैठक सम्पन्न, महेंद्र सिंह राठौड़ बने अध्यक्ष अन्य पदो पर भी हुई नई नियुक्तिया

महेंद्र सिंह राठौड़ नीमच।

बेगु तहसील स्थित मेवाड़ कन्या छात्रावास काटुंदा मोड़ भवन पर मेवाड़ क्षत्रिय महासभा व करणी सेना बेगू की सामुहिक बैठक रखी गयी जिसमें सर्वप्रथम वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की तस्वीर पर दीपक प्रज्वलित कर फुल माला पुष्प अर्पित किऐ व स्वर्गीय पुर्व अध्यक्ष राम सिंह चुण्डावत की तस्वीर पर भी पुष्प अर्पित कर दो मिनट मौन रह उन्हें श्रृध्दांजलि अर्पित की गई तत्पश्चात सर्व सहमति से महेंद्र सिंह राठौड़ निवासी बेगु को सभी ठिकानो से आये समाज जनो की सहमति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया वही उपाध्यक्ष पद पर हिम्मत सिंह हाड़ा की मोर वन, भंवर सिंह मुरलिया,राम सिंह हाड़ा बेगु, भंवर सिंह गौड़ मेघपुरा गौड़, भंवर सिंह गुंजालिया वह महामंत्री पद कुलदीप सिंह गुड़ाखेड़ा, प्रहलाद सिंह चावण्डिया, सचिव पद पर राजेन्द्र सिंह राठौड़ श्रीपुरा, भूपेंद्र सिंह किला



बेंगु, कोषाध्यक्ष छोटू सिंह धामंचा सह कोषाध्यक्ष गजेंद्र सिंह छोटाखेड़ा सयुक्त मंत्री पद पर तेज सिंह जोधा पटेलखेड़ी, भवर सिंह काटुंदा को नियुक्त किया। संगठन मार्गदर्शन सलाहकार के रुप में तुफान सिंह,राजसिंह,जोगेन्द सिंह मीडिया समिति में अर्जुन सिंह सेमलिया को जिम्मेदारी सौपी व अन्य समाज बंधुओ को पदभार दे कर समाज को नई दिशा देने का दायित्व दिया गया। इस अवसर बाहर से पधारे समाज बंधुओं व पदाधिकारियों को तिलक व केशरिया डुपट्टा गले में डाल स्वागत अभिनन्दन किया गया नव नियुक्त अध्यक्ष को केशरिया साफा बांध सम्मान किया गया। तत्पश्चात छोटु सिंह द्वारा आय व्यय लेखा जोखा प्रस्तुत किया, कार्यकारिणी नवचयनित पदाधिकारियों ने समाज हित में समर्पित होकर कार्य करने, संगठन को मजबूती देने सामाजिक बुराईयो कुरीतियों को दूर कर युवाओं को शिक्षित कर रोजगार में ऊंचाई पर ले जाने,मेवाड़ कन्या छात्रावास काटुंदा मोड़ को विकसित कर कार्य को गति प्रदान कर कमरे निर्माण करने के लिए सभी सरदारों ने अपनी स्वेच्छा से सहयोग राशी व निर्माण सामग्री प्रदान की व बेगू संगठन को बडे स्तर पर नई पहचान दिलाने का संकल्प लिया। क्षत्रिय मेवाड़ महासभा की इस बैठक में बेगु, सिंगोली, रावतभाटा, भिचोर, पारसोली, चित्तोड़गढ़ आदि क्षैत्रो से आये करणी सेना जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह सावा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह भीछोर, जिला उपाध्यक्ष खुशबू सिंह जोधपुरिया, जिला महासचिव हिम्मत सिंह दौलतपुरा, बेगूं तहसील अध्यक्ष प्रहलाद सिंह मुरलिया, हरिओम सिंह पंवार, विक्रम सिंह चौथपुरा, पिंटु सिंह मांडना, बालु सिंह मांडना, उत्तम सिंह बेगूं, देवराज सिंह पाडावास, जगवीर सिंह खेड़िया, जगनू सिंह खेड़िया, हनुमान सिंह खेड़िया, जीतू सिंह जोधपुरिया, ईश्वर सिंह बेगूं, श्रवण सिंह दौलतपुरा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। साथ ही कार्यक्रम में देवीसिंह, जगनाथ सिंह, भंवर सिंह, अमर सिंह, भगवान सिंह, भगवत सिंह, शिवसिंह, बाघसिंह, नारायण सिंह, जगमाल सिंह, शक्तिसिंह, भेरु सिंह, केसरसिंह, फूलसिंह, लक्ष्मण सिंह, महेंद्र सिंह राठौड़ आदि अलग अलग ठिकानो से आये 400 से अधिक राजपूत समाज जनो, मातृशक्ति ने सहभागिता कर बड़ी संख्या उपस्थिति दर्ज करवाई कार्यक्रम के पश्चात सभी समाज बंधुओं का सामुहिक स्नेहभोज हुआ। कार्यक्रम का संचालन जोगेन्द सिंह छोटा खेड़ा ने किया!

## सिरखेड़ा में निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर संपन्न

93 रोगियों ने लिया स्वास्थ्य लाभ




**नीमच**। शासकीय आयुर्वेद औषधालय सावन द्वारा शनिवार को आंगनवाड़ी केंद्र सिरखेड़ा में शिविर आयोजित किया गया। कुल 93 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर, औषधियां वितरित की गई। शिविर में आने वाले रोगियों को वर्षा ऋतु के अनुसार आहार विहार के बारे में जानकारी दी गई।

## पिपलियामंडी पुलिस की कार्रवाई, चोरी की बाइक बरामद, नीमच जिले का शातिर बदमाश गिरफ्तार

ब्यूरो रिपोर्ट निखिल सोनी

**मंदसौर**। पिपलियामंडी चौकी पुलिस ने तेज़तर्रार कार्रवाई करते हुए एक चोरी गई बाइक को बरामद कर लिया है और एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है, जिसके खिलाफ विभिन्न थानों में गंभीर धाराओं के तहत कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोहन चौहान निवासी पिपलियामंडी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसकी बाइक (क्रमांक MP 42 ME 5771) कृषि उपज मंडी के पास संजय गांधी उद्यान के सामने से चोरी हो गई थी। मामला दर्ज होने के बाद चौकी प्रभारी धर्मेश यादव के निर्देशन में पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आसपास के लोगों से पूछताछ की। जांच के दौरान पुलिस को अहम सुराग मिले, जिसके आधार पर मुकेश मीणा, पिता शंभुलाल मीणा, उम्र 40 वर्ष, निवासी अमरपुरा, रामपुरा, जिला नीमच को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बाइक चोरी करना कबूल किया और चोरी






की गई बाइक भी उसके कब्जे से बरामद कर ली गई। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 303(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी मुकेश मीणा के खिलाफ पूर्व में भी सुवासरा, भानपुरा, गरोठ, रामपुरा और नीमच केंट थानों में कई संगीन धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इस कार्रवाई से एक बार फिर पिपलियामंडी पुलिस की सतर्कता और सक्रियता सामने आई है। चौकी प्रभारी धर्मेश यादव व उनकी टीम की इस त्वरित व सफल कार्रवाई की नगरवासियों द्वारा सराहना की जा रही है।

## दुकानदारो के अतिक्रमण के खिलाफ यातायात पुलिस एवं नगर पालिका द्वारा संयुक्त रूप से की गई कार्यवाही



**नीमच** : पुलिस मुख्यालय के दिशानिर्देशानुसार व पुलिस अधीक्षक नीमच श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन में यातायात प्रभारी सुश्री उर्मिला चौहान व यातायात की टीम एवं नगर पालिका टीम द्वारा नीमच शहर में संयुक्त रूप से अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही की गई, जिसमें टैगोर मार्ग पर भ्रमण कर दुकानदारो द्वारा अपनी दुकान के सामने किये गये अतिक्रमण को हटवाया गया ! दुकानदारो को आवश्यक समझाईश के साथ साथ दुकानदारो द्वारा दुकानों के बाहर रखे सामान को नगरपालिका एवं यातायात पुलिस द्वारा जप्त् किया गया । भ्रमण के दौरान दुकानदारो को फुटपाथो पर सामान रखकर अतिक्रमण नही करने



संबंधी दिशा निर्देश व समझाइश दी गई एवं बताया गया की अपनी दुकानो के सामने सामान नही रखे जिससे आमजनो को सुलभ आवागमन प्राप्त हो सके , साथ ही यातायात अवरुद्ध नहीं होगा जिससे दुर्घटनाओं में कमी आयेगी व यातायात सुचारू रूप से चल सकेगा।

## ज्ञानोदय इंटरनेशनल में स्कूल में पर्यावरण के प्रति बच्चों को जागरूक करने के लिए मनाया ग्रीन-डे

**नीमच**। ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार (19-07-2025) को ग्रीन-डे का भव्य आयोजन किया गया।। इस अवसर पर एलकेजी से कक्षा दो तक के विद्यार्थियों ने ग्रीन डे समारोह में भाग लिया। प्री-प्राइमरी के बच्चों ने सक्रियता से भाग लेकर पेड़-पौधों का रूप धारण किया और धरती को हरा भरा बनाने के लिए सभी को प्रेरित किया। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पर्यावरण के प्रति गहरी समझ आवश्यक है। स्कूल के हर एक बच्चे ने एक-एक पौधे लगाए और स्वयं द्वारा लगाए पौधे की देखरेख की शपथ ली। यह दिन बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। छात्र और शिक्षक सुंदर हरे रंग की पोशाक पहनकर स्कूल आए और पर्यावरण के अनुकूल लग रहे थे। कक्षाओं और सेमिनार हॉल को हरे रंग की थीम पर खूबसूरती से सजाया गया था। बच्चों के लिए हरे रंग से संबंधित कई गतिविधियों और खेल



आयोजित किए गए। स्कूल के प्राचार्य श्री सुशील कुमार ने बच्चों को पर्यावरण के बारे में जानकारी दी गई व बच्चों को पर्यावरण के लिए पोधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों को ग्रीन डे के महत्व के बारे में जानकारी दी और 'पढ़ाई करो, पेड़ लगाओं का संदेश देते हुए पर्यावरण के प्रति राजग रहने की प्रेरणा दी। बच्चों के लिए हरित्त दिवस व ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया जिसमे बच्चों ने बहुत आनंद लिया जिसमें हरित दिवस का महत्त्व बताया तथा सब्ज़ी व फल बाजार सजाया गया उन्हें सब्ज़ी खरीदना सिखाया गया। इस अवसर पर स्कूल निदेशिका श्रीमती डॉ. गरिमा चौरसिया ने सभी बच्चों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण की रक्षा का संदेश दिया। उन्होंने बताया सभी धरती को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे और अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाएंगे। संचालन श्रीमती भूमिका अंदानी ने किया।

## वन विभाग ने मॉनिटर लिजार्ड (गोह) के अंगों की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को धरदबोचा

**मंदसौर**। वनमंडल अधिकारी, सामान्य वनमंडल मंदसौर श्री संजय रायखेरे द्वारा बताया गया कि, वनमण्डल मंदसौर के अंतर्गत वनपरिक्षेत्र भानपुरा में आज 20 जुलाई 2025 को वन्यजीवों के अवैध व्यापार के खिलाफ एक बड़ी कार्यवाही में वन विभाग ने आज गोह (Monitor Lizard) के शरीर के अंगों, जिसे "हत्था जोड़ी" कहा जाता है, की तस्करी करने के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह सफल ऑपरेशन श्री मस्तराम बघेल, मुख्य वन संरक्षक (उज्जैन वृत्त), और श्री संजय रायखेरे, वनमंडलाधिकारी, मंदसौर के कुशल मार्गदर्शन में तथा श्रीमती सरोज रोज, उप वनमंडलाधिकारी, गरोठ के सीधे निर्देशन में परिक्षेत्र भानपुरा में संपन्न हुआ। वन विभाग को एक मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग मॉनिटर लिजार्ड के शरीर के हिस्से हत्था जोड़ी बेचने की फिराक में हैं।

# आज बेटी है तो कल आप है : एडवोकेट शिवानी जैन

# आराध्या का बेटी को जन्म देने वाली माताओं का सम्मान आप सबके सहयोग से निरन्तर जारी

**नीमच।** राजमाता विजयराजे सिंधिया जिला चिकित्सालय नीमच मे आराध्या वेलफेयर सोसायटी के द्वारा निरन्तर किये जा रहे बेटियों को जन्म देने वाली माताओ को सम्मानित के कार्यक्रम में आज समाजसेवी संस्था जैन सोश्यल ग्रुप संगिनी मेन के सहयोग से बेटियो को जन्म देने वाली माताओं को मोतियों की माला पहनाकर बच्चों के खिलौने व माताओं के लिये ड्रायफुड गुड़ दलिया, सौठ आदि साम्रगी देकर सम्मान किया गया इस अवस पर संस्था की अध्यक्ष एडवोकेट शिवानी जैन ने कहा कि आज हमने उन माताओं का सम्मान किया है जिन्होंने बेटियों को जन्म दिया है क्योंकि आज अगर बेटी है तो कल आप है और मां ही दुनिया में एक मात्र ऐसी इन्सान है जो परिवार को आगे बढ़ाते हुए परिवार की नींव को मजबूती प्रदान करती है। और आज हमें आराध्या वेलफेयर सोसायटी के माध्यम से बेटियों को जन्म देने वाली माताओं को सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ है इस अवसर पर जैन सोश्यल ग्रुप संगिनी मेन की संस्थापक अध्यक्ष कार्यक्रम की अतिथि डां बीना चौधरी ने बेटियों पर एक सुन्दर कविता सुनाकर सभी का मन मोह लिया। जिसमें उन्होंने बेटियों को जन्म देने वाली माताओं से वन टू वन चर्चा भी की, जिस पर बेटियों को जन्म देने वाली माताओं ने आराध्या वेलफेयर सोसायटी द्वारा किये जा रहे इस पुनित कार्य के लिये संस्था को बधाई दी। और डॉ बीना चौधरी ने



बेटियों को जन्म देने वाली माताओं को अपने जन्म दी हुई बेटियों की अच्छे और बढ़िया तरीके से परवरिश कर अच्छी शिक्षा प्रदान कर उनका भविष्य बनाने की बात कही। इस अवसर पर आराध्या वेलफेयर सोसायटी बेटियों को जन्म देने वाली माताओं को सम्मानित करने वाली संस्था की संयोजिका एड. श्रीमति माया (मीनू) लालवानी ने भी बेटियों को जन्म देने वाली माताओं के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बेटी है तो कल है और ये बात शासन, प्रशासन और देश के प्रधानमंत्री भी मानते है और उन्हीं के मार्गदर्शन मे निरन्तर हम बेटियों को जन्म देने वाली माताओं को सम्मानित कर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्रजी मोदीजी के बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ के उद्बोधन को सार्थक बनाने का प्रयास निरन्तर कर रहे है जिसमें आज समाजसेवी संस्था जैन सोश्यल ग्रुप संगिनी मेन की पदाधिकारी महिला मात्र शक्ति के सहयोग से जिला



चिकित्सालय में बेटियों को जन्म देने वाली महिलाओं को मोतियों की माला पहनाकर, बच्चों के खिलौने व माताओं के लिये ड्रायफुड गुड़ दलिया, सौठ आदि सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। और ऐसे कार्यक्रम से महिलाओं को बल मिलने के साथ साथ उनका आत्मबल बढ़ता है। इस अवसर पर कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जैन सोश्यल गुप संगिनी मेन की संस्थापक डा. बीना चौधरी, अध्यक्ष शिवानी जैन, सचिव श्वेता पोरवाल, कोषाध्यक्ष अंकिता गॉधी, आराध्या संयोजिका मीनू लालवानी, पुष्पा गोखरू, मनीषा मेहता, सुलक्षण जैन, ज्योति रोहिड़ा, मीना रोहिड़ा, चन्द्रशेखर जायसवार, चन्द्रप्रकाश मोमू लालवानी आदि उपस्थित रहे।

## नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती गुर्जर ने स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान का शुभारंभ किया

मंदसौर में बच्चों के स्वास्थ्य सुधार और कुपोषण उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान' का भव्य शुभारंभ हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने जिला चिकित्सालय से 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को विटामिन ए घोल पिलाकर इस अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। शुभारंभ के अवसर पर श्रीमती रमा देवी गुर्जर ने अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके तहत 5 वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। किसी भी बीमारी का पता चलने पर सरकार द्वारा उनका निःशुल्क उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों



के लिए प्रदान की जा रही सुविधाओं पर जोर दिया, जिसके तहत ऐसे बच्चों को 14 दिनों के लिए अस्पताल (एनआरसी) में भर्ती कर निःशुल्क दवाएं और भोजन प्रदान किया जाएगा। साथ ही उन्हें 108 एंबुलेंस के माध्यम से लाने-ले जाने की सुविधा भी मिलेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह चौहान ने बताया कि यह दस्तक अभियान 16 सितंबर तक पूरे जिले में चलाया जाएगा। अभियान में 1 लाख 51 हजार 570 बच्चों की जांच करना है। इस अभियान में बच्चों में गंभीर कुपोषण, एनीमिया, निमोनिया, निर्जलीकरण और अन्य संक्रमणों की पहचान कर उनका तुरंत उपचार और रेफरल सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, बच्चों को विटामिन ए घोल पिलाया जाएगा और ओआरएस पैकेट व जिंक टैबलेट का वितरण भी किया जाएगा। शिशु रोग विशेषज्ञ एवं सिविल सर्जन डॉ. बी.एल. रावत ने महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सलाह देते हुए बताया कि 6 माह तक के बच्चों को केवल माँ का दूध पिलाना चाहिए और 6 माह के बाद ऊपरी आहार शुरू कर देना चाहिए। उन्होंने बच्चों के पूर्ण टीकाकरण और निमोनिया होने पर तत्काल अस्पताल में उपचार कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. रावत ने सभी कुपोषित बच्चों से जिला चिकित्सालय सहित जिले में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्रों में भर्ती होकर उपचार प्राप्त करने की अपील की।

## कृषि विज्ञान केन्द्र एवं आयुष विभाग के माध्यम से मैनपुरिया में हुआ निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर




**मंदसौर** वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र के डॉ. जी.एस. चुण्डावत द्वारा बताया गया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, मन्दसौर एवं जिला आयुष विभाग, मन्दसौर के संयुक्त तत्वाधान में मानव स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भवन, मेनपुरिया में किया गया। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत उपचार कर आवश्यक औषधियों का वितरण किया गया। जिसमें आयुष विभाग के चिकित्सकों द्वारा निः शुल्क बीपी शुगर इत्यादि की जांच कर रोगों के निदान हेतु औषधियां प्रदान की गयी। शिविर के दौरान एकत्रित सभी ग्रामवासी एवं बच्चों को स्वच्छता एवं अच्छे स्वास्थ्य लाभ हेतु जानकारी दी गयी। शिविर में कृषि विज्ञान केन्द्र, मन्दसौर से डॉ. एस.पी. त्रिपाठी, डॉ. निशिथ गुप्ता, डॉ. राजेश गुप्ता एवं श्री राकेश अस्के तथा आयुष विभाग, मन्दसौर के जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश धनोतिया के दिशा निर्देश के तहत डॉ. अजय परमार, डॉ. दिव्या रानी परमार, डॉ. श्वेता रामावत डॉ. तरूण पॅवार, श्रीमती प्रगति बामनिया, श्रीमती मंजु पिघोलिया, श्री जयपाल सुनार्थी एवं श्री दर्शन सुनवानिया ने शिविर में सेवायें प्रदान की। ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती चम्पा ओंकारलाल माली, श्री दुर्गाशंकर धनगर आदी का शिविर में सराहनीय सहयोग रहा। शिविर में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एस.पी. त्रिपाठी द्वारा नोडल अधिकारी के रूप में कार्य किया गया।

## बिजली उपभोक्ता सायबर जालसाजों से रहें सावधान

### बिजली बिल का भुगतान बिजली कंपनी के अधिकृत गेटवे अथवा बिजली कंपनी के कैश काउण्टर पर करें

**नीमच।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बिजली बिलों का नकद भुगतान कंपनी के जोन, वितरण केन्द्र कार्यालय, पीओएस मशीन अथवा अधिकृत भुगतान केन्द्रों जैसे एम.पी.ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेन्टर, आईसेक्ट कियोस्क पर ही करें। उपभोक्ताओं को बिजली बिलों के केशलेश भुगतान के लिये कंपनी के पोर्टल portal.mpcz.in (नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई, ईसीएस, बीबीपीएस, कैश कार्ड एवं वॉलेट आदि) फोन पे, अमेजान पे, गूगल पे, पेटीएम ऐप, व्हाट्सएप एवं उपाय मोबाइल ऐप के माध्यम से भी बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने उपभोक्ताओं से सायबर जालसाजों से बचने की अपील की है। बिजली कंपनी के सूचना प्रौद्योगिकी के अधिकारियों ने बताया है कि कंपनी अंतर्गत विद्युत देयकों के भुगतान के लिए उपभोक्ता पहचान नंबर यानि आईवीआरएस नंबर की जरूरत होती है। आईवीआरएस नंबर के आधार पर ही जोन, वितरण केन्द्रों या अन्य गेटवे एमपी ऑनलाइन, पेटीएम, फोन, गूगल, अमेजन, व्हाट्सएप आदि पर बिजली बिलों का भुगतान होता है। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी मोबाइल नंबर से आए फोन के आधार पर किसी भी मोबाइल नंबर पर देयकों की राशि अंतरित न करें। साथ ही अपना पिन नंबर भी किसी के साथ साझा न करें। कंपनी के संज्ञान में आया है कि सायबर जालसाजों द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को एसएमएस, व्हाट्सएप मैसेज अथवा आई.व्ही.आर. तकनीक से फोन कॉल पर नंबर दबाने के लिये कहा जाता है। जालसाजों द्वारा बिल भुगतान कराने के लिये बिजली कुछ घंटों बाद काट दी जाएगी, जैसा भय बनाया जाता है और इसके लिए बिल भुगतान करने के लिये विशेष नंबर दबाएं अथवा मोबाइल नंबर विशेष पर संपर्क कर बकाया राशि जमा कराएं, जैसे संदेश दिये जाते हैं, जो सायबर ठगी है। इस प्रकार के एसएमएस, व्हाट्सएप मैसेज एवं आई.व्ही.आर. फोन कॉल फर्जी हैं, इन पर ध्यान नहीं दिया जाए। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि इस प्रकार के फर्जी सायबर जालसाजों से सतर्क और सावधान रहें।






## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में नीमच जिला, प्रदेश के प्रथम चार जिलों में शामिल...?

### समूह बी के जिलों में प्रदेश के प्रथम 3 जिलों में नीमच

**नीमच** : सीएम हेल्पलाईन पोर्टल्स पर प्राप्त शिकायतो के निराकरण की माह जून 25 की ग्रेडिंग में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में नीमच जिला लगातार आठवी बार ए ग्रेड के साथ, प्रदेश के टॉप चार जिलों में शामिल हुआ है। जिला प्रबंधक श्री आशीष जैन ने बताया, कि माह जून 25 में 3522 प्राप्त शिकायतो में से संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का वेटेज (60%) में से 51.43 % एवम 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज (20%) में से 14.74 % कुल वेटेज 85.88 % के साथ नीमच जिले को A रेटिंग प्राप्त हुई। प्रदेश के 55 जिलों में चौथा स्थान एवम समूह B के 27 जिलों में तीसरा स्थान। उल्लेखनीय है , कि कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर किरन आंजना द्वारा माह में समस्त विभागों की शिकायतों के निराकरण हेतु सतत मॉनिटरिंग की गई एंव उनके निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही शिकायतकर्ता को भी अवगत करवाया | फलस्वरुप आवेदकों द्वारा शिकायतों को संतुष्टि के साथ बंद करवाया गया है। इसी का परिणाम है, कि नीमच जिला सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल कर पाया है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने इस उपलब्धि का श्रेय नीमच जिले के सभी जिला अधिकारियों एवं उनकी टीम तथा सभी अधिकारी कर्मचारियों को दिया है।

## नीमच मण्डी में नशे से दूरी, है जरूरी नुक्कड़, नाटक आयोजित




**नीमच** : नशामुक्ति जनजागृति अभियान के तहत सोमवार को पुलिस महानिदेशक म.प्र. श्री कैलाश मकवाना, के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नारकोटिक्स) श्री के.पी. वेंकटेश्वरराव के मार्गदर्शन तथा पुलिस उप महानिरीक्षक (नारकोटिक्स) श्री महेशचंद जैन के नेतृत्व में मध्यप्रदेश पुलिस के नारकोटिक्स प्रकोष्ठ नीमच, द्वारा कृषि उपज मंडी नीमच में नुक्कड नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणाम बताए गए। नशे के दुष्परिणाम को नाटक मंचन एवं स्लोगनों से सभी को नशे से दूर रहने की समझाईश दी। इस मौके पर नारकोटिक्स के सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन से 1000 लाभान्वित हुए। यह जानकारी नारकोटिक्स प्रकोष्ठ के श्री तेजेन्द्र सिह सेंगर ने दी हैं।

## करीब 12 करोड़ की लागत से बघाना में होगा सिवरेज का कार्य



**नीमच** नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया व नपा सभापति श्रीमती कुसुम अशोक जोशी व श्री मनोहर मोटवानी के नेतृत्व में नीमच के बघाना क्षेत्र को 11 करोड़ 81 लाख की लागत वाले सिवरेज कार्य की एक बड़ी सौगात मिलने वाली है! सोमवार 21 जुलाई को नपाध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा व मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने नपा सभापति श्री धर्मेश पुरोहित, श्री नीरज अहीर, पार्षद श्री शशि कल्याणी, पार्षद प्रतिनिधि श्री रामलाल ग्वाला व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में निर्माण कंपनी को 11 करोड़ 81 लाख के सीवरेज कार्य का कार्य आदेश सौपा! नपा अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने बताया कि बघाना क्षेत्र के पार्षदों की पहल पर अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत बघाना में सिवरेज कार्य हेतु अहमदाबाद गुजरात की कंपनी मे. पी. दास इंप्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. को 11करोड़ 81 लाख के सिविल कार्य का कार्य आदेश सौंपते हुए टेंडर की शर्तों के अनुरूप 2 वर्ष में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं! श्रीमती चोपड़ा ने बताया कि बघाना क्षेत्र में सीवरेज का कार्य होने से बघाना क्षेत्र के निवासियों को गंदगी से मुक्ति मिलेगी और स्वच्छ वातावरण निर्मित होगा!

# 27 दिवसीय शिव महापुराण एवं पार्थिव शिवलिंग पूजन अभिषेक एवं रुद्राक्ष वितरण कार्यक्रम प्रवाहित....

## बेटे बेटी के जन्म में अंतर नहीं करना चाहिए-रुद्र देवजी त्रिपाठी







**नीमच** । नारी शक्ति का स्वरूप है। बेटा 8 पीढ़ी को तथा कन्या 25 पीढ़ी को तारने वाली होती है ।कन्या विद्या का स्वरूप कहलाती है। जो बेटा नहीं करता वह बेटियां कर सकती है। संसार में ऐसा कोई कार्य नहीं है जो बेटिया नहीं कर सकती है आज बेटियां हवाई जहाज़, रेल,बस के साथ अंतरिक्ष में भी अपनी प्रतिभा दिखा रही है।बेटे बेटी के जन्म में अंतर नहीं करना चाहिए।यह बात गुरुदेव रुद्रदेव जी त्रिपाठी (जावद वाले) ने कहीं।वे श्री हरि सत्संग मंडल एवं भक्तगण के तत्वाधान में गोमाबाई रोड स्थित लायन्स डेन सभागार में 11 जुलाई से 6 अगस्त तक आयोजित 27 दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा एवं पर्वतीय शिवलिंग पूजन अभिषेक एवं रुद्राक्ष वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे उन्होंने कहा कि नारी साक्षात जगत की माता व जगदंबा का स्वरूप होती है । नारी जब संतान को जन्म देती है तो सृष्टि की उत्पत्ति कर्तव्य का निर्वहन करती है ।जब संतान का पालन पोषण करती है तो नारायण का कर्तव्य निर्वहन करती है। यदि संतान बुराई के रास्ते पर चले तो उसे सुधार कर बुराई के संहार के कर्तव्य निर्वहन करती है। नारी शक्ति का स्वरूप होती है। नारी की कभी निंदा नहीं करना चाहिए ।जहां नारी का सम्मान होता है वहां उस घर में देवताओं का वास होता है। नारी नर की खान होती है नारी से ही कृष्णा राम ने जन्म लिया है।शिव महापुराण पोथी पूजन आरती में विधायक दिलीप सिंह परिहार, निलेश पाटीदार, अशोक जोशी,हेमंत हरित,आदित्य मालू, नारायण खंडेलवाल, आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम की श्रृंखला में सुबह 8 से 8:30 बजे तक वेद पाठ, 9 से 10 बजे तक हवन ,दोपहर 1 से 3 बजे शिव पुराण कथा, 3 से 4:30 बजे तक 27हजार रुद्राक्ष शिवलिंग पूजन अभिषेक, सोमवार नागपंचमी, प्रदोष, हरियाली अमावस्या पर पार्थिव पूजन अभिषेक,सवालाख महामृत्युंजय मंत्र जाप, काल सर्प पूजन हवन शांति सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे।

### शिव विवाह झांकी सजाई,

शिव महापुराण कथा के मध्य जब गुरुदेव रुद्रदेव त्रिपाठी ने शिव पार्वती विवाह के प्रसंग का महत्व प्रतिपादित किया तो भक्ति पंडाल में शिव पार्वती ने प्रवेश किया ।तब श्रद्धालु भक्तों ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया। शिव पार्वती विवाह में शिव का अभिनय गौरी तुग्नावत, पार्वती का अभिनय सोनू धनोतिया ने निभाया जो सभी के श्रद्धा और आस्था का केंद्र बना।

# कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की समीक्षा की

## सभी प्राचार्य, बोर्ड परीक्षाओं में विद्यालय का शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करें-चंद्रा



**नीमच** : सभी हाई स्कूल, हायर सेकेण्ड्री विद्यालयों के प्राचार्य अकादमिक प्लान तैयार कर उसके अनुरूप अध्यापन कर्य करवाएं। बोर्ड परीक्षाओं में सभी विद्यार्थी सभी विषयों में 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करें। प्रतिमाह मासिक टेस्ट लिया जाए और मासिक टेस्ट के आधार पर विद्यार्थियों के परिणाम सुधार पर विशेष ध्यान दे। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा केंद्र तथा सभी हाई स्कूल, हायर सेकेण्ड्री के प्राचार्यो बी.ई.ओ. एवं बी.आर.सी.की बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा, वर्ष 2024-25 के बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की प्रगति की समीक्षा एवं वर्ष 2025 में परीक्षा परिणाम को ओर बेहतर बनाने की रणनीति पर चर्चा करते हुए दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, डीईओ श्री एस.एम.मांगरिया, डी.पी.सी.श्री दिलीप व्यास भी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने बोर्ड परीक्षाओं में जिले का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहने पर सभी को बधाई देते हुए वर्ष 2025-26 में शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम का लक्ष्य हासिल करने और सभी विद्यार्थियों का परिणाम 85 प्रतिशत से ऊपर रखने का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी प्राचार्यो को मासिक टेस्ट लेने और टेस्ट के परिणामों का विशलेषण कर, 75 प्रतिशत से कम अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को चिन्हित कर, उनकी कठिनाईयों को दूर कर शैक्षणिक स्तर में ओर सुधार लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ड्राप आउट सभी बच्चों को 31 जुलाई तक शाला में दाखिला दिलाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा, कि शाला जाने योग्य एक की बच्चा स्कूल में दाखिले से वंचित ना रहे। कलेक्टर श्री चंद्रा ने जिन विद्यालयों का बोर्ड परीक्षा परिणाम 2024-25 में संतोषजनक नहीं रहा है, उन प्राचार्यो को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। साथ ही जिन विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा परिणाम पिछले वर्षो की तुलना में बेहतर रहा है। उन्हें सूचीबद्ध कर, प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी प्राचार्यो को 25 जुलाई तक छात्रवृत्ति के लंबित प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण करने के निर्देश भी दिए।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के नवीन आवेदन लेने की प्रक्रिया पूर्णतः बंद है

लाड़ली बहना योजना के संबंध में अवैध वसूली करने वालों की शिकायत दूरभाष नम्बर 07422-235543 पर तत्काल करें

नीमच ! जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास बी. एल. विश्नाई द्वारा बताया गया कि मंदसौर जिले मे विगत दिनों से कुछ संगठन, यूनियन एवं अन्य लोगो द्वारा गांव एवं शहरों की माता एवं बहनों से लाड़ली बहना योजना के नवीन आवेदन फार्म भरवाने के नाम पर अवैध वसूली किये जाने की सूचना प्राप्त हुई है। तथा फार्म भरने के आवेदन तैयार कर उनको भ्रमित किया जा रहा है। वर्तमान में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के नवीन पंजीयन आवेदन लेने की प्रक्रिया पूर्णतः बंद है, इस योजना के तहत नवीन पंजीयन नही हो रहे है। यदि किसी व्यक्ति या बेनाम संगठन या यूनियन द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के संबंध में कोई भ्रामक जानकारी दी जाती है या अवैध वसूली किये जाने का प्रयास किया जाता है, तो इसकी सूचना तत्काल जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मंदसौर के दूरभाष नम्बर 07422-235543 पर दे सकते हैं।

# नीमच के राजा श्री किलेश्वर महादेव निकलेंगे प्रजा का हाल जानने

## युवा समाजसेवी अरूल अरोरा गंगानगर के नेतृत्व में 04 अगस्त को शहर के प्रमुख मार्ग से गुजरने वाली शाही सवारी की तैयारियां शुरू

**नीमच**। नीमच के महांकाल के नाम से प्रसिद्ध श्री किलेश्वर महादेव की शाही सवारी सावन मास के अंतिम सोमवार 04 अगस्त 2025 को धूमधाम से निकलेगी। नीमच के राजा श्री किलेश्वर महादेव प्रजा का हाल जानने के लिए शहर भ्रमण पर निकलेंगे। युवा समाजसेवी अरूल अशोक अरोरा गंगानगर के नेतृत्व शाही सवारी की दिव्यता और भव्यता को लेकर श्री किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में तैयारियां शुरू कर दी है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष सावन माह के अंतिम सोमवार को नीमच के राजा श्री किलेश्वर महादेव की शाही सवारी में जन सैलाब उमडेगा। प्रचार-प्रसार से लेकर शाही सवारी में होने वाले व्यापक इंतजाम की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। सावन माह के दौरान श्री किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर महादेव की भक्ति में डूबा हुआ है। दर्शन करने वालों की संख्या में इजाफा होने के साथ-साथ मंदिर में प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। 24 जुलाई गुरूवार को हरियाली अमावस्या के दिन भक्तों की भीड उमडेगी। 27 जुलाई रविवार को शहस्त्र धारा अभिषेक का आयोजन रखा गया गया है। वहीं आगामी सोवार को छप्पन भोग का आयोजन रखा गया है। श्री किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई वहीं मंदिर परिसर में स्वर्गीय कश्मरीलाल अरोरा की स्मृति में नवनिर्मित बगीचे में रंग-बिरंगे फुव्वारें भक्तों का मन मोह रहे है। शाही सवारी के आयोजक युवा समाजसेवी अरूल अरोरा शाही सवारी को सफल बनाने के लिए जुटे हुए है। नीमच शहर को शाही सवारी का बेसब्री से इंतजार है, आगामी 4 अगस्त को पूरा शहर भोलेनाथ की भक्ति में डूबेगा। युवा समाजसेवी अरूल अरोरा ने शाही सवारी को लेकर अलग-अलग टीमों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी है। ये रहेगा शाही सवारी में खास- भगवान भोलेनाथ राजसी रथ में विराजित होंगे। झांस डमरू पार्टी, विशाल नंदी, राधाकृष्ण, बाहुबली हनुमान, अघोरी, नर मुंड के साथ भोलेनाथ, आदिवासी लोक नृत्य, विद्धुत चलित झांकिया और भव्य आतिशबाजी शाही सवारी में आकर्षण का केंद्र बनेंगे। शाही सवारी का जगह-जगह स्वागत होगा। ये रहेगा शाही सवारी का रूट- नीमच के राजा श्री किलेश्वर महादेव मंदिर की शाही सवारी श्री किलेश्वर महादेव परिसर से 4 अगस्त को शाम 4 बजे शुरू होगी, जो रेलवे स्टेशन, चौकन्ना बालाजी, अग्रसेन वाटिका, तिलक मार्ग होते हुए बारादरी फव्वारा चौक पहुंचेगी। यहां से कमल चौक, टैगोर मार्ग होते हुए सीआरपीएफ रोड से चलकर वापस श्री किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर शाही सवारी का समापन होगा।

## सार्वजनिक वितरण प्रणाली में चावल की जगह गेहूं की मात्रा बढ़ाएं: खाद्य मंत्री राजपूत

**नीमच**। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत पात्र हितग्राहियों को दिये जा रहे खाद्यान्न में चावल की जगह गेहूं की मात्रा बढ़ाई दी जाये। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि मध्यप्रदेश में चावल की जगह गेहूं का उपयोग बहुतायत में होता है। समय - समय पर यह देखने में आता है कि कुछ व्यापारी हितग्राहियों को प्रलोभन देकर उनसे कम दाम में चावल खरीद लेते है, जिससे बाजार में दुरूपयोग की घटनाएं सामने आती हैं। इस समस्या के समाधान के लिये मप्र में पात्र हितग्राहियों को दिये जाने वाले खाद्यान्न में गेहूं की मात्रा बढ़ाई जाना हितकारी होगा। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने यह सुझाव नई दिल्ली में केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री प्रहलाद जोशी से भेंट के दौरान दिया। केन्द्रीय खाद्य मंत्री श्री जोशी को मध्यप्रदेश में उपार्जन केंद्रों में सुविधाओं के विस्तार और गुणवत्ता सुधार के संबंध में किये जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। साथ ही बताया कि प्रदेश में विकेन्द्रीयकृत उपार्जन योजना के तहत समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं में से सरप्लस मात्रा उपार्जन अवधि के पश्चात् गोदामों से सी-मोड में भारतीय खाद्य निगम को प्रदान की जाती है। वर्ष 2021-22 के लिये 2.89 प्रति क्विंटल लोडिंग एव हेण्डलिंग व्यय की स्वीकृति नहीं की गई थी। मंत्री श्री राजपूत ने अनुरोध किया कि भारतीय खाद्य निगम द्वारा गोदामों से उठाव किये गये गेहूं की लोडिंग एवं हेण्डलिंग व्यय की राशि अभी तक स्वीकृत नहीं की गई है, जिसे शीघ्र जारी किया जाये। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने केंद्रीय खाद्य मंत्री श्री जोशी को अवगत कराया कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक की अवधि में पात्र परिवारों को वितरित किये गये खाद्यान्न- का डाटा भारत सरकार के अन्न वितरण पोर्टल पर उपलब्ध है। इस डाटा को भारत सरकार के सेंट्रल रिपोजिटरी पोर्टल पर अपलोड करने की अनुमति देने के साथ 1500 करोड़ के अनुदान राशि के बकाया भुगतान को जल्द किये

## बालक एवं कन्या उत्कृष्ट छात्रावासो में छात्र/छात्राओ के अध्यापन कार्य हेतु आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित

### उक्त कोंचिग व्यवस्था केवल छात्र/छात्राओ के विशेष अध्यापन कार्य के लिये है

**नीमच** :जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग जिला मंदसौर श्रीमती अंगुरबाला भगोरा द्वारा बताया गया कि, चालू शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये अनुसूचित जाति जिला स्तरीय बालक एवं कन्या उत्कृष्ट छात्रावास मदंसौर तथा विकासखण्ड स्तरीय बालक एवं कन्या उत्कृष्ट छात्रावास मल्हारगढ/सीतामउ/गरोठ /भानपुरा में प्रवेशित छात्र/छात्राओ के प्रावीण्य उन्नयन एवं उच्च गुणवत्ता के लिये विशेष कोंचिग अथवा अध्यापन कार्य हेतु इच्छुक व्यक्ति से सादे कागज पर अंक सूची सहित आवेदन आंमत्रित किये जाते है, आवेदन पत्र पर स्नातक/स्नातकोत्तर में प्राप्त प्राप्तांको का प्रतिशत लिखना अनिवार्य होगा। प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण शिक्षकों को कोचिंग व्यवस्था अन्तर्गत अध्यापन कार्य हेतु लगाया जावेगा, जिसके लिये शासन द्वारा प्रतिकाल खण्ड अनुसार निर्धारित मानदेय देय होगा। साथ ही जिले में संचालित महाविद्यालयीन बालक एवं कन्या छात्रावास मंदसौर/सुवासरा में अंग्रेजी विषय की कोचिंग हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। उक्त कोंचिग व्यवस्था केवल छात्र/छात्राओ के विशेष अध्यापन कार्य के लिये है न कि कोई नियुक्ति स्नातक / स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त उच्च योग्यताधारी गणित, भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान एवं कम्प्यूटर / सामान्य ज्ञान हेतु शासकीय शिक्षको के अलावा प्रायवेट शिक्षक एवं उत्कृष्ट प्रायवेट कोंचिग सेन्टरो के आवेदन पत्र दि. 31 जुलाई तक कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला संयोजक, जनजातीय कार्य विभाग कलेक्टोरेट परिसर मंदसौर (सुशासन भवन कमरा नं. 312) में जमा करें। शिक्षक यदि चाहे तो संबंधित क्षेत्र के जिला/विकासखण्ड स्तरीय उत्कृष्ट छात्रावासों में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि पश्चात आवेदन पत्र मान्य नही किये जायेंगे।जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग जिला मंदसौर श्रीमती अंगुरबाला भगोरा द्वारा बताया गया कि, चालू शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये ।

# राजस्व टीम ने ग्राम भागलबुजुर्ग में किसान मदन लाल को दिलाया कब्जा

## ग्राम भागलबुजुर्ग में 0.80 हेक्टेयर जमीन को करवाया कब्जा मुक्त

**नीमच** : कलेक्टर, नीमच श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में निजी कृषकों की भूमियों पर अन्य काश्तकारों द्वारा किये गये कब्जे को मुक्त करवाने के निर्देशों के क्रम में अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व, मनासा श्री पवन बारिया के मार्गदर्शन में नायब तहसीलवार, कुकडेश्वर श्री नवीन छत्रोले द्वारा न्यायालयीन प्रकरण में गठित दल द्वारा ग्राम-भागलबुजुर्ग स्थित भूमि सर्वेनम्बर-55 रकबा 0.800 हेक्टर पर सीमांकन कर, रकबा 0.48 हेक्टर भूमि पर आशाराम, राधेश्याम पिता नन्दा मेघवाल, गुजरत तथा रकबा 0.320 हेक्टर भूमि पर बापूलाल पिता तुलसीराम भील द्वारा किये गये, अवैध कब्जे को मुक्त करवाया गया है। कब्जा मुक्त करवाई गई कुल 0.80 हेक्टेयर जमीन कृषक मदनलाल पिता हजारी बंजारा आदि, निवासी-भागल, हा.मु.बंजारों की जलेरी, तहसील-बिजोलिया, जिला-भीलवाड़ा को सौंपी गई हैं।यह कार्य नायब तहसीलदारश्री नवीन छलोत्रे के निर्देशन में गठित दल श्री रामदयाल शर्मा, प्रभारी राजस्व निरीक्षक, वृत्त-कुकड़ेश्वर,



पटवारीगण सर्वश्री दीपक बसेर, प्रवीण कुमावत, अजय बघेल, सुश्री सोम्या खरे ने किया हैं।

# 486 किलोग्राम अवैध मादक प्रदार्थ डोडाचुरा व 01 कमाण्डर जीप व 01 डामर टैंक के साथ 01 तस्कर को किया गिरफ्तार....नीमच सिटी पुलिस की कार्यवाही

**नीमच** : पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत व श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री नवल सिंह सिसोदिया एवं नपुअ महोदया नीमच सुश्री किरण चोहान के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी नीमच सिटी निरी. विकास पटेल के नेतृत्व मे पुलिस टीम थाना नीमच सिटी द्वारा प्रभावी कार्यवाही कर अवैध डोडाचुरा का परिवहन करते 01 आरोपी को गिर. करने में सफलता प्राप्त की है। घटना का विवरण - पुलिस थाना नीमच सिटी द्वारा दिनांक 19.07.2025 को नीमच मनासा नाका आमरोड नीमच सिटी पर मुखबीर सुचना पर कार्यवाही करते हुए नाकाबंदी की जाकर एक कमाण्डर जीप क्र आरजे 09 सी 2014 के पीछे टोचन कर ले जा रहे टेंकर को पंचानो व फोर्स की मदद से रोककर उसकी तलाशी के दौरान कमाण्डर जीप के पीछे टोचन कर ले जा रहे डामर टेंक के अंदर भरा कुल 486 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा जप्त किया गया तथा डामर टेंक व कमाण्डर जीप चालक 01 सुरेश पिता कारुलाल भील उम्र 25 साल नि. ग्राम नेवड थाना नीमच सिटी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। मौके पर की गई कार्यवाही पूर्ण कर, थाना नीमच सिटी पर अपराध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया व गिर. आरोपी से अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा के स्त्रोतो के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### नाम आरोपी

01 सुरेश पिता कारुलाल भील उम्र 25 साल नि. ग्राम नेवड थाना नीमच सिटी

**सराहनीय कार्य** उक्त कार्य में निरीक्षक विकास पटेल थाना प्रभारी थाना नीमच सिटी एव थाना टीम का सराहनीय योगदान रहा।



## कार्यालय प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि.नीमच

क्रमांक/वि.प्र.स/2025/237 नीमच,दिनांक 08.07.2025


### - सूचना -

सर्व साधारण की सूचित किया जाता है कि शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि.क्रंमाक 1 व 2 नीमच के परिसर पर निर्मित ब्लॉक नंबर 07 दुकान क्रमांक 01 गायत्री मंदिर रोड (जीवाजी राव छात्रावास के सामने)नीमच पर स्थित दुकान श्री प्रताप शिंदे पिता श्री मानसिंह राव शिंदे के नाम पर आवंटित होकर उक्त दुकान को श्री विकास शर्मा पिता श्री रमेशचन्द्र शर्मा के नाम आंवटिन की जाकर नामांतरण करवाना चाहती है। यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 15 दिवस मे कार्यालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज सहित आपत्ति दर्ज करवा सकता है । निर्धारित अवधि के पश्चात कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज्ञा से
प्राचार्य एवं सचिव
शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि.नीमच


श्री किलेश्वर महादेव आ रहे है अपनी प्रजा का हाल जानने

शाही सवारी



- राजसी रथ
- झांझ डमरू पार्टी
- विशाल नंदी
- राधाकृष्ण /बाहुबली हनुमान
- अघोरी
- नर मुंड के साथ भोलेनाथ
- आदिवासी लोकनृत्य
- विद्युत चलित झांकिया
- भव्य आतिशबाजी

04 अगस्त 2025 सोमवार



समय - सांय 04 : 00 बजे से
किलेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ

अरुल अशोक गंगानगर




चर्म रोग विशेषज्ञ

अब आपके नीमच में भी

- सोरायसिस, एक्जिमा, ऐलर्जी
- गंजेपन का इलाज
- नवजात शिशु रोग
- बाल एवं चर्म
- नाखून की समस्या
- हर्पिस, फंगल इंफेक्शन
- कुष्ठ रोग, सफेद दाग
- कालापन, झाईयां, लाछन
- फोड़े-फुंसी, मस्से, तिल एवं गड्ढे
- मुंहासे एवं मुंहासों के दाग
- गठान एवं खुजली
- सफेद दाग एवं सर्जरी
- मस्सों का इलाज

सोमवार से शुक्रवार
10 AM से 2 PM तक
04 PM से 8 PM तक



एवं अन्य बालों एवं त्वचा से सम्बंधित बिमारियों के लिए आज ही सम्पर्क करे

अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करे
6232041005

Dr . Parakram Singh
M.B.B.S. , M.D. (DVL)
Aesthetic Dermatologist

219, 14/2 निरोगधाम अस्पताल के पास विकास नगर, नीमच



॥ श्री गणेशाय नम: ॥ ॥ श्री हनुमन्ते नम: ॥ ॥ माँ जोगणिया नम: ॥ ॥ ॐ नम: शिवाय ॥

बालाजी यात्रा कम्पनी



कांकरियातलाई,जिला-नीमच (म.प्र.)

यात्रा अवधि 11-13 दिन
यात्रा दि. 10 जुलाई से 15 जुलाई के बीच निकलेगी
स्लीपर बस द्वारा
किराया- 11501 रू.



चलो अयोध्या धाम

यात्रा प्रस्थान - (उत्तरप्रदेश) सुबह का चाय,नाश्ता, शाम का भोजन व रात्रि विश्राम धर्मशाला कंपनी की तरफ से रहेगा

चित्रकूट - मन्दाकिनी स्नान, हनुमान धारा, सीता कुण्ड, वाल्मिकी आश्रम
प्रयागराज- गंगा, यमुना, सरस्वती तीनों नदियों का संगम,अक्षय वट मन्दिर दर्शन
(बिहार) -गयाजी (अकाल मृत्यु वालों की क्रिया गयाजी में होती है व मोक्ष प्राप्त होता है।)
वाराणसी - काशी विश्वनाथ ज्योर्तिलिंग दर्शन, नाव द्वारा चौरासी घाट के दर्शन एवं परिक्रमा
अयोध्या - श्रीराम जन्मभूमि, सरयु स्नान, हनुमान गढ़ी, दशरथ महल
गोकुल - यमुना स्नान, नन्द भवन, 84 खम्भा मंदिर
मथुरा - श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर
वृंदावन - प्रेम मन्दिर, गौरी गोपाल वृद्धा आश्रम, बरसाना, राधा रानी मन्दिर, किर्ती मन्दिर
राजस्थान - मेहन्दीपुर बालाजी,जयपुर गलताजी,खाटूश्यामजी, पुष्कर



यात्रा के नियम व शर्ते

1) 5000/रू. देकर अपनी सीट रिजर्व करवा लेंवे शेष राशि यात्रा प्रारम्भ से पहले ली जायेगी।
2) यात्री को शुद्ध भोजन तिलम संघ तेल व देशी घी के साथ एक टाईम व प्रातः चाय नाश्ता कम्पनी की ओर से दिया जायेगा। 3) ठहरने की व्यवस्था कम्पनी की तरफ से होगी जिसमें सामुहिक हॉल होगा।
4) यात्री अपने साथ में पानी की बोतल,जरूरी कपड़े,बेट्री,बिस्तर,दवाईयां साथ लावें।
5) जहां तक वहां तक बस अन्यथा टेम्पो,टेक्सी का किराया यात्री स्वयं का होगा।
6) यात्रा में प्राकृतिक आपदा व अक्समात दुर्घटना की जिम्मेदारी संचालक की नहीं होगी।
7) 50 सवारी होने पर ही बस रवाना होगी एवं आधी सवारी को बैठने के लिए मुड्डा दिया जायेगा।
8) यात्रा का सर्वाधिकार प्रबंधक का होगा। समयानुसार रूट बदल सकता है एवं रात्रि में गाड़ी समयानुसार चलाई जायेगी। 9) कोई भी विवाद का न्यायक्षेत्र जावद ही होगा।
10) यात्री को यात्रा अधुरी छोड़ने पर रिफण्ड वापस नहीं दिया जायेगा।

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें-



व्यवस्थापक
मुकेश कुमार प्रजापत (कांकरिया तलाई)
मो. 9753746418

धाकड़ कम्प्यूटर्स बेगूँ 9828251154



॥ श्री गणेशाय नम: ॥ ॥ श्री हनुमन्ते नम: ॥ ॥ माँ जोगणिया नम: ॥ ॥ ॐ नम: शिवाय ॥

बालाजी यात्रा कम्पनी



कांकरियातलाई,जिला-नीमच (म.प्र.)

स्पेशल बस द्वारा



यात्रा अवधि 23-26 दिन
किराया- 26101 रू.प्रति सवारी (2X2 बस)
किराया- 24101 रू.प्रति सवारी (3X2 बस)

चारधाम यात्रा (गंगोत्री,यमनोत्री,केदारनाथ,बद्रीनाथ)

दर्शनीय स्थल -

राजस्थान - खाटुश्याम,सालासर बालाजी,देशनोक करणी माता
पंजाब - स्वर्ण मन्दिर,जलिया वाला बाग,बागा बोर्डर
जम्मु - चीची माता,वैष्णोदेवी,बाण गंगा
हिमाचल - चावण्डा माता,कागड़ा माता,ज्वालादेवी,चिन्तपूर्णी,नैनादेवी
हरियाणा - कुरू क्षैत्र,महाभारत युद्ध भूमि,ब्रह्मकुण्ड
उत्तराखण्ड- हरिद्वार,गंगाजी,मंशादेवी,ऋषिकेश,राम झुला-लक्ष्मण झुला, तेरा मंजिला मंदिर,यमनोत्री,गंगोत्री,गोरीकुण्ड,केदारनाथ,बद्रीनाथ,
उत्तरप्रदेश - सोरमजी घाट,गोकुल,मथुरा,वृन्दावन प्रेममंदिर,झमुना,रमणरेती,गोवर्धननाथ,
राजस्थान - मेहन्दीपुर बालाजी,जयपुर,गलताजी,पुष्कर,भीलवाड़ा से कांकरिया तलाई

प्रस्थान दिनांक
अगस्त 2025
(रक्षा बंधन के बाद)

सुबह का चाय,नाश्ता, शाम का भोजन व रात्रि विश्राम धर्मशाला कंपनी की तरफ से रहेगा

यात्रा के नियम व शर्ते

1) 5000/रू. देकर अपनी सीट रिजर्व करवा लेंवे शेष राशि यात्रा प्रारम्भ से 5 दिन पहले ली जायेगी।
2) यात्री को शुद्ध भोजन तिलम संघ तेल व देशी घी के साथ एक टाईम व प्रातः चाय नाश्ता कम्पनी की ओर से दिया जायेगा। 3) ठहरने की व्यवस्था कम्पनी की तरफ से होगी जिसमें सामुहिक हॉल होगा।
4) यात्री अपने साथ में पानी की बोतल,जरूरी कपड़े,बेट्री,बिस्तर,दवाईयां साथ लावें।
5) जहां तक वहां तक बस अन्यथा टेम्पो,टेक्सी का किराया यात्री स्वयं का होगा।
6) यात्रा में प्राकृतिक आपदा व अक्समात दुर्घटना की जिम्मेदारी संचालक की नहीं होगी।
7) 50 सवारी होने पर ही बस रवाना होगी एवं आधी सवारी को बैठने के लिए मुड्डा दिया जायेगा।
8) यात्रा का सर्वाधिकार प्रबंधक का होगा। समयानुसार रूट बदल सकता है एवं रात्रि में गाड़ी समयानुसार चलाई जायेगी। 9) कोई भी विवाद का न्यायक्षेत्र जावद ही होगा।
10) यात्री को यात्रा अधुरी छोड़ने पर रिफण्ड वापस नहीं दिया जायेगा।

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें-

व्यवस्थापक मुकेश कुमार प्रजापत (कांकरिया तलाई) मो. 9753746418

धाकड़ कम्प्यूटर्स बेगूँ 9828251154


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अविनाश जाजपुरा के द्वारा यश प्रिंटिंग प्रेस स्कीम नम्बर 36 ए कलेक्टर कार्यालय के सामने मुद्रित एवं कास्मो स्कूल के पास इन्दिरा नगर नीमच से प्रकाशित - सम्पर्क 9893796737 (सभी विवादों का न्यायिक क्षैत्र नीमच रहेगा ।)